# राजघाट समाधि समिति

# RAJGHAT SAMADHI COMMITTEE

*(Established under Rajghat Samadhi Act, 1951)*

---

# वार्षिक प्रतिवेदन

## Annual Report for the Year 2008–2009

---

महात्मा गाँधी मार्ग, राजघाट, नई दिल्ली 110002

**Mahatma Gandhi Marg, Rajghat, New Delhi 110002**

website : www.gandhisamadhi.org.in • e-mail: info@gandhisamadhi.org.in

# *वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2008–2009 के लिए*

राजघाट समाधि समिति, राजघाट समाधि अधिनियम, 1951 तथा राजघाट समाधि (संशोधित) अधिनियम, 1958 नामक संसदीय अधिनियम द्वारा गठित एक स्वायत्तशासी निकाय है जिसे निम्नलिखित उत्तरदायित्व सौंपे गए हैं:

1. समाधि के कार्यों का संचालन करना तथा समाधि की उचित मरम्मत की व्यवस्था करना।
2. समाधि में समय-समय पर समारोहों का आयोजन करना तथा उनका संचालन करना।
3. अन्य कार्यों को करना जो समाधि के कार्यों के कुशल संचालन के लिए प्रासंगिक तथा सहायक हों।

## समिति का गठन

उपरोक्त अधिनियम के अनुसार समिति का गठन निम्न प्रकार होगा:

दिल्ली नगर निगम के महापौर (पदेन)

तीन अधिकारी सरकार द्वारा नियुक्त

चार गैर-सरकारी; एवम्

तीन संसद सदस्य, दो लोकसभा के अध्यक्ष द्वारा और एक राज्य सभा के सभापति द्वारा नियुक्त तथा शहरी विकास मंत्रालय द्वारा संसूचित होंगे। उपरोक्त सदस्यों के अतिरिक्त सरकार द्वारा शहरी विकास मंत्री को, अधिनियम 1951 के क्लॉज 4 (2) के अनुसार, राजघाट समाधि समिति के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है।



# *ANNUAL REPORT FOR THE YEAR 2008–2009*

The Rajghat Samadhi Committee, created by an Act of Parliament, called the "Rajghat Samadhi Act, 1951" and "Rajghat Samadhi (Amendment) Act, 1958", is an autonomous body entrusted with the following responsibilities:

1. to administer the affairs of the Samadhi and to keep the Samadhi in proper order and in a state of good repair;
2. to organise and regulate periodical functions at the Samadhi;
3. to do such other things as may be incidental or conducive to the efficient administration of the affairs of the Samadhi.

## Composition of the Committee

According to the above Act, the composition of the Committee is as follows:

Mayor, Delhi Municipal Corporation (ex-Officio);

three officials nominated by the Government;

four non-officials; and

three Members of Parliament, two from the Lok Sabha, appointed by the Speaker, and one from the Rajya Sabha, appointed by the Chairman, and notified by the Ministry of Urban Development, Government of India.

In addition to the above as members, the Government has appointed the Minister of Urban Development as Chairman of the Rajghat Samadhi Committee as per Clause 4 (2) of the Act, 1951.

## प्रतिवेदन वर्ष में समिति :

पदेन अध्यक्ष : श्री एस. जयपाल रेड्डी, माननीय शहरी विकास मंत्री, भारत सरकार; सदस्य: श्री संदीप दीक्षित (सांसद); श्रीमती कपिला वात्स्यायन (सांसद); डा॰ कीरत प्रेमजी भाई सोलंकी (सांसद); श्री राजमोहन गाँधी; दिल्ली के मेयर (पदेन); डा॰ दीपक नय्यर; श्री बी.जी. वर्गीज; शहरी विकास मंत्रालय (भारत सरकार) के अतिरिक्त सचिव; संस्कृति मंत्रालय (भारत सरकार) के संयुक्त सचिव; तथा राष्ट्रीय राजधानी परिक्षेत्र (दिल्ली सरकार) के मुख्य सचिव।

## संगठनात्मक स्वरूप

| | | | |
|---|---|---|---|
| सचिव (अंशकालिक) | 1 | आदेशपाल | 1 |
| संरक्षक | 1 | जमादार | 1 |
| सहायक संरक्षक | 1 | चौकीदार | 25 |
| जनरल असिस्टैंट | 1 | सफाई सेवक | 7 |

## मरम्मत और रख-रखाव

उद्यान तथा पार्कों, विद्युत-स्थापनों, पम्पों, समाधि व अन्य संरचनाओं के रख-रखाव का कार्य केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग अर्थात् उद्यान विभाग, विद्युत तथा सिविल इंजिनीयरिंग विभाग को सौंपा गया है।

केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों तथा अनुभाग अधिकारियों के साथ समाधि के रख-रखाव से संबंधित समस्याओं का समाधान करने तथा विचार-विमर्श करने के लिए समय-समय पर बैठकें होती रहीं।

राजघाट समाधि के रख-रखाव और मरम्मत पर केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा किये गये व्यय की पूर्ति सरकार द्वारा राजघाट समाधि समिति को दिए गए अनुदानों से की जाती है।



## The Committee in the year under report:

Chairman: S. Jaipal Reddy, Hon'ble Minister of Urban Development; Members: Sh. Sandeep Dixit, M.P.; Dr. Smt. Kapila Vatsyayan, M.P.; Dr. Kirit Premji Bhai Solanki, M.P.; Sh. Rajmohan Gandhi; Mayor of Delhi (ex-officio); Dr. Deepak Nayyar; Sh. B.G. Verghese; Additional Secretary, Ministry of Urban Development (Government of India); Joint Secretary, Deptt. of Culture (Government of India); Chief Secretary, NCT of Delhi.

## Organisational set-up

| | | | |
|---|---|---|---|
| Secretary (Part-time) | 1 | Peon | 1 |
| Caretaker | 1 | Jamadar | 1 |
| Assistant Caretaker | 1 | Chowkidars | 25 |
| General Assistant | 1 | Safai Sevaks | 7 |

## Repair and Maintenance

The repair and maintenance of the garden and parks, electrical installations and pumps and other structures were, as usual, entrusted to CPWD — namely Horticulture, Electrical and Civil Engineering Divisions.

Meetings were held with the officials of CPWD periodically to discuss work-projects and sort out problems relating to maintenance and upkeep of the Samadhi.

The expenditure incurred by the CPWD on the upkeep and maintenance of the Samadhi is reimbursed out of the grant received from the Government of India.

## कार्यक्रम

विगत वर्षों की तरह राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी का जन्मदिन और शहीदी दिवस मनाये गये।

इन दोनों अवसरों पर सर्वधर्म प्रार्थना, चित्र प्रदर्शनी, गाँधी साहित्य की बिक्री, वृहत् पैमाने पर चर्खा कताई आदि कार्यक्रम आयोजित किये गये। दोनों कार्यक्रमों में भारत के महामहिम राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, लोकसभा के अध्यक्ष, भूतपूर्व प्रधानमंत्रियों, विपक्ष के नेता, केन्द्रीय मंत्रियों, दिल्ली के उपराज्यपाल, दिल्ली की मुख्यमंत्री, विभिन्न देशों के राजदूतगण, आमंत्रित अतिथिगण और जनता तथा बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों ने भाग लिया।

15 अगस्त, 2008 (स्वतंत्रता दिवस) को लाल किला जाने से पूर्व प्रधानमंत्री श्री मनमोहन सिंह ने राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की समाधि पर पुष्पाञ्जलि अर्पित की।

इन वार्षिक कार्यक्रमों के अलावा प्रत्येक शुक्रवार की शाम चर्खा कताई और सर्वधर्म प्रार्थना वर्ष भर आयोजित किए जाते रहे।

## दर्शनार्थी

दिल्ली के अति महत्त्वपूर्ण दर्शनीय स्थानों में से एक गाँधी समाधि है, जहाँ प्रतिदिन हज़ारों-हजार देशी व विदेशी पर्यटक दर्शन करने आते रहे। इस वर्ष बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे वाह्य क्रियाकलापों व पर्यटन की दृष्टि से गाँधी समाधि आये।



## Functions

As in previous years, special functions were held on 2nd October and 30th January to observe the birth and death anniversaries of the Father of the Nation Mahatma Gandhi. On these two occasions all-religion prayer, photo exhibitions, sale of Gandhian literature and mass spinning programmes were held. Both these fuctions were attended by H.E. the President of India, Vice-President, Prime Minister, Speaker of the Lok Sabha, former Prime Ministers, Leader of Opposition, Union Ministers, Lt. Governor of Delhi, Chief Minister of Delhi, Ambassadors and High Commissioners of various nations besides a large number of invited guests and public including a large number of school children.

On his way to the Red Fort on the 15th August 2008, Shri Manmohan Singh, the Prime Minister, visited the Samadhi and paid floral tribute to the Father of the Nation Mahatma Gandhi, on the occasion of Independence Day.

Apart from these Annual functions, all-religion prayer and spinning programmes continued to be held regularly every Friday evening throughout the year.

## Visitors

Being one of the most frequently visited place in Delhi, Gandhi Samadhi continued to attract thousands and thousands of tourists and other visitors everyday, both from India and abroad. A large number of school childern also visited Gandhi Samadhi during the year as part of their outdoor activity and excursion programme.

## दान-पात्र

समाधि के निकट दो दान-पात्र रखे गये हैं जिनमें आगंतुक पैसे डालते हैं। इस एकत्र किए गए धन को विशुद्ध रूप से दलितों के कल्याण, जो कि महात्मा गाँधी को बहुत प्रिय था, पर खर्च किया जाता है। यह कार्य महात्मा गांधी द्वारा स्थापित एक अन्य संस्था हरिजन सेवक संघ द्वारा किया जा रहा है, क्योंकि राजघाट समाधि समिति के पास इस प्रकार की कोई परियोजना नहीं है। दान-पात्र में संग्रहित राशि को सीधे अपने बैंक में जमा करने के लिए गाँधी जी द्वारा स्थापित इस संघ को अधिकृत किया गया है।

## सहायता अनुदान

वर्ष 2008–2009 के दौरान 2,36,64,880 रुपये सहायता राशि प्राप्त हुई।

## लेखे तथा लेखा परीक्षा

रख-रखाव, अनुरक्षण, राजघाट समाधि समिति कार्यालय को चलाने तथा समारोहों के आयोजन पर किए गए सारे व्यय की पूर्ति शहरी विकास मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त अनुदान से की जाती है।

प्राप्त अनुदान और किए गए व्यय के लेखे राजघाट समाधि समिति द्वारा दर्ज किये जाते हैं जिनका प्रधान निदेशक लेखा-परीक्षा, आर्थिक एवं सेवा मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा प्रति वर्ष अंकेक्षण किया जाता है।

वर्ष 2008–2009 के अंकेक्षित लेखे इस प्रतिवेदन के साथ संलग्न हैं।

*(रजनीश कुमार)*
सचिव



## Donation Boxes

Traditionally, two donation boxes are placed near the Samadhi in which cash offerings are put by the visitors. These cash collections are utilised exclusively on the welfare of Dalits, a cause that was dear to Gandhiji. This is being done through another institution founded by Gandhiji, the Harijan Sevak Sangh, since the Rajghat Samadhi Committee has no such project of its own. The Sangh has been authorised to take away these offerings from the Samadhi direct to their own bankers.

## Grant-in-aid

The grant-in-aid received during the year 2008–2009 was Rs. 2,36,64,880.

## Accounts and Audit

All expenditure incurred on maintenance and upkeep, work-projects, establishment, holding of functions etc., were met out of the grant-in-aid received from the Ministry of Urban Development, Government of India.

The accounts for grant received and expenditure incurred are maintained by the Rajghat Samadhi Committee Office and subjected to annual audit by the Principal Director of Audit, Economic and Service Ministries, Office of the Comptroller and Auditor General of India, New Delhi.

The Audited Accounts and the Audit Certificate for the year 2008–2009 are appended to this Report.

*(Rajnish Kumar)*
Secretary

# 31 मार्च 2009 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए राजघाट समाधि समिति की लेखा से संबंधित भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का पृथक लेखा परीक्षण प्रतिवेदन

राजघाट समाधि समिति नियमावली 1952 के नियम 4 (i) के साथ पठित नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (कर्तव्य, अधिकार एवं सेवा शर्तें) अधिनियम 1971 के अनुच्छेद 19 (2) के अंतर्गत 31 मार्च 2009 को समाप्त हुए वित्त वर्ष के लिये हमने राजघाट समाधि समिति की संलग्न आय-व्यय लेखा का परीक्षण किया। प्रदत्त वित्तीय विवरण राजघाट समाधि समिति की जिम्मेदारी हैं। दिये गये विवरणों के आधार पर अपना मंतव्य देना हमारी जिम्मेदारी है।

2. पृथक प्रतिवेदन में लेखे से सम्बद्ध वर्गीकरण, मानक लेखा नियमों के अनुपालन तथा वित्तीय घोषणा प्रतिमानों के विषय में भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के विचार समाहित हैं। वित्तीय लेन-देन में विधि के अनुपालन, नियमों-विनियमों (औचित्य तथा नियमितता) एवं दक्षता-सह-प्रदर्शन आदि पक्षों, यदि कोई हो, से सम्बन्धित टिप्पणी निरीक्षण प्रतिवेदन/सी.ए.जी. के पृथक प्रतिवेदन के माध्यम से प्रतिवेदित की गई है।

3. हमने सामान्यता भारत में स्वीकृत अंकेक्षण मानकों के आधार पर अंकेक्षण किया है। इन मानकों के अनुपालन के लिए यह अपेक्षित है कि अंकेक्षित लेखा में दिए गए वित्तीय विवरण सर्वथा दोषमुक्त हों। लेखा परीक्षा में नमूना आधारित जांच, वर्णित राशियों के समर्थन में प्रस्तुत साक्ष्य एवं वित्तीय विवरणों से संबंधित उद्घोषणाओं का परीक्षण शामिल है। लेखा परीक्षा में प्रबंधक द्वारा



प्रयुक्त लेखा सिद्धान्तों, किए गए महत्वपूर्ण प्राक्कलनों व समग्र वित्तीय विवरणों के मूल्यांकन और प्रस्तुतीकरण का आकलन करना भी शामिल है। हमारा विश्वास है कि हमारी लेखा परीक्षा यहां प्रस्तुत हमारे मंतव्यों को युक्तिसंगत आधार प्रदान करती है।

4. लेखा परीक्षा के आधार पर हम प्रतिवेदित करते हैं कि:

I हमारी सर्वोत्तम जानकारी तथा विश्वास के लिए जो भी सूचनाएं और स्पष्टीकरण आवश्यक थे, हमने प्राप्त कर ली हैं।

II प्रतिवेदन के साथ संलग्न तुलन पत्र तथा आय-व्यय लेखा वित्त मंत्रालय द्वारा अनुशंसित सामान्य प्रपत्र के अनुरूप हैं।

III प्रस्तुत किए गए लेखे एवं अन्य संगत अभिलेखों की जांच के आधार पर हमारा विचार है कि इन्हें तैयार करते हुए राजघाट समाधि समिति नियम, 1952 के विधान 4 का पालन किया गया है।

IV हम यह भी प्रतिवेदित करते हैं कि :

**(क) लेखा तुलन-पत्र से संबंधित टिप्पणी**

**(1) साम्प्रतिक दायिता एवं प्रावधान – 7.18 लाख रु. (अनुसूची-2)**

लेखाविधि नियम सं.1(C) यहां ध्यातव्य है, जिसके अंतर्गत समाधि समिति ने यह माना है कि व्यय लेखे प्रोद्भवन-आधारित होने चाहियें। तथापि, लेखा परीक्षण के दरम्यान यह पाया गया कि अध्याधीन वित्तीय वर्ष के दौरान छठे वेतन आयोग की अनुशंसा के मुताबिक प्राप्त बकाया 60% राशि का प्रावधान तदनुसार नहीं किया गया। इस तरह, वेतन-भत्ते एवं अंशदायी भविष्यनिधि में नियोक्ता के योगदान में

क्रमशः 10.35 लाख रु. एवं 1.02 लाख रु. तक की राशि कम दर्शाई गई है।

**(2) राजघाट समाधि कोष – 146.24 लाख रु.**

उपरोक्त कोष में 0.85 लाख रु. की राशि भविष्य निधि कोष के निवेश से प्राप्त आय के तौर पर अधिक दिखाई गई है जबकि यह राशि भ. नि. के संचयाधिक्य मद में पृथक रूप से दर्शाई जानी चाहिए थी।

**(3) निवेश (भविष्य निधि) – 42.19 लाख रु. (अनुसूची-4)**

भविष्य निधि के बदले बैंक में सावधिक जमा राशि 42.19 लाख रु. को बैंक खाते में जमा राशि (अनुसूची-5) के तौर पर न दर्शा कर भविष्य निधि निवेश के तौर पर दर्शाया गया है। इस प्रकार, बैंक में जमा राशि 42.19 लाख रु. कम और भविष्य निधि कोष में जमा राशि 42.19 लाख रु. अधिक दर्शाई गई है।

**(ख) सामान्य**

लेखे में छुट्टियों के नकदीकरण व अनुतोष का प्रावधान नहीं किया गया है।

**(ग) अनुदान**

इस वर्ष प्राप्त गैर-योजना अनुदान की कुल राशि 2.60 करोड़ रु. (गत-वर्ष के 0.24 करोड़ रु. अप्रयुक्त शेष समेत) में से 2.48 करोड़ रु. मात्र ही खर्च किये



जा सके और 31 मार्च 2009 को 0.12 करोड़ रु. अप्रयुक्त शेष रह गये।

**(घ) प्रबन्धन पत्र**

कई त्रुटियां, जो पृथक लेखा परीक्षण प्रतिवेदन में शामिल नहीं की गई हैं, अलग से उपचारार्थ/दोष निवारणार्थ एक प्रबन्धन पत्र के माध्यम से राजघाट समाधि समिति के सचिव की जानकारी में लाई गई हैं।

V पूर्ववर्ती अनुच्छेदों में व्यक्त अपने मंतव्यों के आलोक में हम यह प्रतिवेदित करते हैं कि तुलन पत्र तथा आय-व्यय लेखे लेखा-नियमों के अनुरूप हैं।

VI प्राप्त सूचनाओं तथा हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के आधार पर हमारा विचार है कि कथित वित्तीय विवरण— लेखाकरण नीतियों तथा लेखा-टिप्पणियों, व इस पृथक लेखा परीक्षा प्रतिवेदन समेत पठित—भारत में सामान्यतया स्वीकृत लेखाकरण सिद्धान्तों के अनुरूप उचित एवं स्पष्ट स्थिति प्रस्तुत करते हैं:

(क) 31 मार्च 2009 को जहाँ तक राजघाट समाधि समिति के तुलन पत्र की अवस्थिति से इसका संबंध है; एवं

(ख) उपरोक्त तिथि को समाप्त वित्त वर्ष में जहाँ तक आय-व्यय लेखा तथा अधिशेष से इसका संबंध है।

(के.आर. श्री राम)
प्रधान निदेशक लेखा परीक्षा
आर्थिक एवं सेवा मंत्रालय

नई दिल्ली
30 अक्टूबर 2009

# वर्ष 2008–09 के लिये राजघाट समाधि समिति के वार्षिक लेखे से संबंद्ध पृथक लेखा परीक्षा प्रतिवेदन में उठाए गये विषयों पर उत्तर

क. लेखा तुलन पत्र से संबंधित टिप्पणी

**(1) साम्प्रतिक दायिता एवं प्रावधान – 7.18 लाख रु. (अनुसूची-2)**

भविष्य में वार्षिक लेखे तैयार करते समय लेखा परीक्षा निर्देश का पालन किया जायेगा।

**(2) राजघाट समाधि कोष – 146.24 लाख रु.**

समाधि कोष में 0.85 लाख रु. की राशि भ. नि. कोष के निवेश से प्राप्त आय के तौर पर दायिता से अधिक दिखाई गई है।

लेखा परीक्षा निर्देशों का पालन किया जायेगा और आगामी लेखा परीक्षा दल को दिखाया जायेगा।

**(3) निवेश (भविष्य निधि) – 42.19 लाख रु. (अनुसूची-4)**

लेखा – परीक्षा निर्देशों का पालन किया जायेगा और आगामी लेखा परीक्षा दल को दिखाया जायेगा।

ख. सामान्य

लेखा परीक्षा निर्देशों का पालन किया जायेगा और आगामी लेखा परीक्षा दल को दिखाया जायेगा।

(रजनीश कुमार)
सचिव



# Separate Audit Report of the Comptroller & Auditor General of India on the Accounts of Rajghat Samadhi Committee for the year ended 31 March 2009

We have audited the attached Balance Sheet of Rajghat Samadhi Committee as at 31 March 2009 and the Income & Expenditure Account for the year ended on that date under Section 19(2) of the Comptroller & Auditor General's ( Duties, Powers & Conditions of Service) Act, 1971 read with with Rule 4(1) of Rajghat Samadhi Committee Rules 1952. These financial statements are the responsibility of the Rajghat Samadhi Committee management. Our responsibility is to express an opinion on these financial statements based on our audit.

2. This Separate Audit Report contains the comments of the Comptroller & Audit General of India (CAG) on the accounting treatment only with regard to classification, conformity with the best accounting standards and disclosures norms etc. Audit observations on financial transactions with regard to compliance with the Law, Rules & Regulations (Propriety and Regularity) and efficiency-cum-performance aspects, etc., if any, are reported through Inspection Reports/CAG's Audit Reports separately.

3. We have conducted our audit in accordance with auditing standards generally accepted in India. These standards require that we plan and perfrom the audit to obtain reasonable assurance about whether the financial statements are free from material misstatement. An audit includes examining, on a test basis, evidence supporting the amounts and disclosure in the financial statements. An audit also includes assessing the accounting principles used

and significant estimates made by management, as well as evaluating overall presentation of financial statements. We believe that our audit provide a reasonable basis for our opinion.

4. Based on our audit, we report that:

(i) We have obtained all the information and explanations, which to the best of our knowledge and belief were necessary for the purpose of our audit;

(ii) The Balance Sheet and Income & Expenditure Account dealt with by this report have been drawn up in the Common Format of Accounts as prescribed by Ministry of Finance.

(iii) In our opinion, proper books of accounts and other relevant records have been maintained by the Rajghat Samdahi Committee as required under Rule 4 of the Rajghat Samadhi Rules 1952 in so far as it appears from our examination of such books.

(iv) We further report that:

**A Comments on Accounts**
**Balance Sheet**

**(1) Current Liabilities and Provisions – Rs. 7.18 lakh (Sch-2).**

A reference is invited to the Accounting Policy No.1(c) wherein it has been mentioned that the Committee recognized expenditure on accrual basis.It was however, observed that the arrears of 60% as per VIth Pay Commission has not been provided for during the year. Thus, liability to the extent of



Rs. 10.35 lakh and Rs. 1.02 lakh towards pay & allowances and employer's contribution for Contributory Provident Fund respectively has been understand.

**(2) Rajghat Samadhi Fund – Rs. 146.24 lakh.**

This has been overstated by Rs. 0.85 lakh being the surplus over the CPF liability generated on investment of CPF funds. This is a liablity and should have been shown separately under reserves & surplus-CPF.

**(3) Investment (Provident Fund) – Rs 42.19 lakh (Sch-4).**

Fixed deposits with banks amounting to Rs. 42.19 lakh against CPF have been shown under investment (Provident Fund) instead of Bank Balances-Deposit Accounts (Sch-5). Thus, Bank Balance have been understated and investment (Provident Fund) overstated both by Rs. 42.19 lakh.

**B General**

Provision for leave encashment and gratuity has not been made in the accounts.

**C Grant-in-aid**

Out of the total non-plan grant of Rs. 2.60 core (including unspent balance of Rs. 0.24 crore of the previous year) received during the year, a sum of Rs. 2.48 crore has been utilized, leaving a balance of Rs. 0.12 crore as on 31 March 2009.

**D Management letter**

Deficiencies which have not been included in the Seperate Audit Report have been brought to the notice to the Secretary of the Rajghat Samadhi Committee through a management letter issued separately for remedial/corrective action.

(v) Subject to our observations in the preceding paragraphs, we report that the Balance Sheet and Income & Expenditure Account dealt with by this report are in agreement with the books of accounts.

(vi) In our opinion and to the best of our information and according to the explanations given to us, the said financial statements, read together with the Accounting Policies and Notes on Accounts, and subject to the significant matters stated above give a true and fair view in conformity with accounting principles generally accepted in India:

a. In so far as it relates to the Balance Sheet, of the state of affairs of the Rajghat Samadhi Committee as at 31 March 2009; and

b. In so far as it relates to Income & Expenditure Account of the surplus for the year ended on that date.

**(K.R. SRIRAM)**
Principal Director of Audit
Economic & Service Ministries

Place: New Delhi
Date: 30th October 2009



# Reply to the Separate Audit Report on the Annual Accounts of the Rajghat Samadhi Committee, New Delhi, for the year 2008–09

**A. Comments of Accounts**
**Balance Sheet**

**(1) Current Liabilities and provosions – Rs. 7.18 lakh (Sch-2).**

In future, Audit Instruction shall be followed at the time of making of annual accounts.

**(2) Rajghat Samadhi Fund – Rs. 146.24 lakh.**

This has been overstated by Rs. 0.85 lakh being the surplus over the CPF liability generated on investment of CPF funds.

Audit instructions shall be followed and shown to the next Audit Party.

**(3) Investment (Provident Fund) – Rs 42.19 lakh (Sch-4).**

Audit instructions shall be followed and shown to the next Audit Party.

**B. General**

Audit instructions shall be followed and shown to the next Audit Party.

**(Rajnish Kumar)**
Secretary

## राजघाट समाधि समिति, नई दिल्ली
### 31.03.2009 को तुलन पत्र

| विवरण | सूची | 31.03.2009 को | 31.03.2008 को |
|---|---|---|---|
| **दायित्व** | | | |
| राजघाट समाधि कोष | | 14,624,491.72 | 17,099,411.63 |
| भविष्य निधि | 1 | 4,134,582.00 | 3,668,853.00 |
| वर्तमान दायित्व एवम् सम्भार | 2 | 717,965.00 | 67,593.00 |
| **योग** | | **19,477,038.72** | **20,835,857.63** |
| **परिसम्पत्ति** | | | |
| अचल सम्पत्ति | 3 | 13,239,899.00 | 14,007,712.00 |
| निवेश (भविष्य निधि) | 4 | 4,219,414.57 | 3,842,551.57 |
| **वर्तमान परिसम्पत्ति, ऋण एवं अग्रिम** | | | |
| नकद एवम् बैंक में जमा राशि | 5 | 1,228,606.64 | 2,353,120.14 |
| ऋण एवम् अग्रिम | 6 | 13,500.00 | 17,250.00 |
| प्रतिभूति निक्षेप | 7 | 15,950.00 | 15,950.00 |
| अन्य परिसम्पत्तियाँ | 8 | 759,668.51 | 599,273.92 |
| **योग** | | **19,477,038.72** | **20,835,857.63** |
| *विशिष्ट लेखा नीतियाँ एवं टिप्पणियाँ* | 9 | | |

रजनीश कुमार
(सचिव)



## *RAJGHAT SAMADHI COMMITTEE, NEW DELHI*
### *Balance Sheet as on 31.03.2009*

| Particulars | Schedule | As on 31.03.2009 | As on 31.03.2008 |
|---|---|---|---|
| **LIABILITIES** | | | |
| Rajghat Samadhi Fund | | 14,624,491.72 | 17,099,411.63 |
| Provident Fund | 1 | 4,134,582.00 | 3,668,853.00 |
| Current Liabilities and Provisions | 2 | 717,965.00 | 67,593.00 |
| **Total** | | **19,477,038.72** | **20,835,857.63** |
| **ASSETS** | | | |
| Fixed Assets | 3 | 13,239,899.00 | 14,007,712.00 |
| Investments (Provident Fund) | 4 | 4,219,414.57 | 3,842,551.57 |
| **CURRENT ASSETS, LOANS AND ADVANCES** | | | |
| Cash and Bank Balances | 5 | 1,228,606.64 | 2,353,120.14 |
| Loans and Advances | 6 | 13,500.00 | 17,250.00 |
| Security Deposits | 7 | 15,950.00 | 15,950.00 |
| Other Assets | 8 | 759,668.51 | 599,273.92 |
| **Total** | | **19,477,038.72** | **20,835,857.63** |
| Significant Accounting Policies and Notes | 9 | | |

Rajnish Kumar
(Secretary)

# राजघाट समाधि समिति, नई दिल्ली

## 31 मार्च 2009 को समाप्त वित्त वर्ष के लिये प्राप्ति एवम् भुगतान लेखा

| व्यय | | राशि (रु.) वर्तमान वर्ष में | राशि (रु.) विगत वर्ष में | आय | | राशि (रु.) वर्तमान वर्ष में | राशि (रु.) विगत वर्ष में |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सीपीडब्ल्यूडी द्वारा किये गये व्यय | | | | अनुदान राशि | 23,664,880.00 | | |
| उद्यान व उपवन | 12,019,978.00 | | | (नगर विकास मंत्रालय | | | |
| विद्युत प्रतिस्थापन एवम पम्प | 1,761,194.00 | | | से प्राप्त) | | | |
| समाधि परिसर में निर्माण कार्य | 1,732,595.00 | 15,513,767.00 | 14,065,041.00 | न्यून: पूंजीगत व्यय | | | |
| परियोजना विकास अंचल, सी पी डब्ल्यू डी | | | 4,472,740.00 | में प्रयुक्त राशि | 395,820.00 | 23,269,060.00 | 28,664,692.00 |
| **रा.स.स. द्वारा व्यय** | | | | | | | |
| संस्थापना व्यय | | 4,806,017.00 | 3,054,055.00 | घास की बिक्री से प्राप्त राशि | | 12,050.00 | 11,400.00 |
| **आकस्मिक व्यय:** | | | | लगान प्रतिप्राप्ति | | 8,622.00 | 6,890.00 |
| डाक व दूरभाष | 77,232.00 | | 114,492.00 | जल शुल्क प्रतिप्राप्ति | | 1,320.00 | 1,220.00 |
| छपाई व स्टेशनरी | 72,715.00 | | 73,100.50 | पट्टा लगान | | 1.00 | 1.00 |
| विविध व्यय | 29,763.50 | 179,710.50 | 26,556.50 | बैंक ब्याज | | 57,647.00 | 48,527.00 |
| मरम्मत व रखरखाव | | 36,840.00 | 35,015.00 | एफ.डी.आर. पर ब्याज | | 349,769.59 | 293,675.49 |
| समारोह व बैठक | | 658,423.00 | 675,212.50 | शू.काउंटर से अनुप्रापण | | 505,173.00 | 403,040.00 |
| विशिष्ट अतिथियों को उपहार | | 86,610.00 | 206,210.00 | विविध आय | | 13,068.00 | 70.00 |
| शोधित पेयजल | | 64,300.00 | 73,583.00 | कैफेटेरिया व शौचालय से अनुज्ञा-शुल्क प्राप्ति | | 431,611.00 | – |
| विशेषज्ञ सेवा शुल्क | | 86,904.00 | 86,820.00 | आयाधिक्य व्यय | | 2,870,739,91 | – |
| वर्दी | | 161,960.00 | 58,116.00 | | | | |
| अंकेक्षण शुल्क | | 13,550.00 | 42,706.00 | | | | |
| परिवहन | | 9,497.00 | 12,196.00 | | | | |



# RAJGHAT SAMADHI COMMITTEE, NEW DELHI

## *Income & Expenditure Account for the year ended 31st March, 2009*

| Expenditure | | Amount (Rs) Current Year | Amount (Rs.) Previous Year | Income | | Amount (Rs.) Current Year | Amount (Rs.) Previous Year |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **To Expenditure Incurred through CPWD** | | | | By Grant Received | 23,664,880.00 | | |
| M.o. Garden & Parks | 12,019,978.00 | | | (From the Ministry of | | | |
| M.o. Elect. Instal & Pump | 1,761,194.00 | | | Urban Development) | | | |
| M.o. Samadhi (Civil Works) | 1,732,595.00 | 15,513,767.00 | 14,065,041.00 | Less: Amt. Utlized for | | | |
| CPWD Development Project Circle | | | 4,472,740.00 | Capital Expenditure | 395,820.00 | 23,269,060.00 | 28,664,692.00 |
| **To Expenditure incurred by RSC** | | | | | | | |
| Establishment | | 4,806,071.00 | 3,054,055.00 | By Sale of Grass | | 12,050.00 | 11,400.00 |
| **To Contingencies:** | | | | By Rent Recovery | | 8,622.00 | 6,890.00 |
| Postage and Telephone | 77,232.00 | | 114,492.00 | By Water Charges Recovery | | 1,320.00 | 1,220.00 |
| Printing and Stationery | 72,715.00 | | 73,100.50 | By Lease Rent | | 1.00 | 1.00 |
| Miscellaneous Expenses | 29,763.50 | 179,710.50 | 26,556.50 | By Bank Interest | | 57,647.00 | 48,527.00 |
| To Repiar and Maintenance | | 36,840.00 | 35,015.00 | By Interest on F.D.R. | | 349,769.59 | 293,675.49 |
| To Functions and Meetings | | 658,423.00 | 675,212.50 | By Coll. From Shoe Counter | | 505,173.00 | 403,040.00 |
| To Presentation and Gifts To VVIPs | | 86,610.00 | 206,210.00 | By Miscellaneious Income | | 13,068.00 | 70.00 |
| To Filtered Water | | 64,300.00 | 73,583.00 | By Licence Fees from Cafeteria & Toilets | | 431,611.00 | - |
| To Professional Charges | | 86,904.00 | 86,820.00 | By Excess of Expenditure over Income | | 2,870,739.91 | - |
| To Uniforms to Staff | | 161,960.00 | 58,116.00 | | | | |
| To Audit Fees | | 13,550.00 | 42,706.00 | | | | |
| To Conveyance | | 9,497.00 | 12,196.00 | | | | |

| व्यय | राशि ( रु. ) वर्तमान वर्ष में | राशि ( रु. ) विगत वर्ष में | आय | राशि ( रु. ) वर्तमान वर्ष में | राशि ( रु. ) विगत वर्ष में |
|---|---|---|---|---|---|
| समाचार पत्र | 16,725.00 | 17,842.00 | | | |
| समाधि परिसर की मरम्मत व रखरखाव | 367,653.00 | 376,865.50 | | | |
| प्रार्थना व कताई | 45,063.00 | 35,660.00 | | | |
| भ. नि. पर ब्याज | 294,799.00 | 263,606.00 | | | |
| भ. नि. में नियोक्ता योगदान | 286,754.00 | 149,211.00 | | | |
| चिकित्सकीय व्यय | 25,884.00 | 9,060.00 | | | |
| एल. टी. सी. व्यय | 17,571.00 | 20,305.00 | | | |
| विज्ञापन व्यय | 63,244.00 | 5,954.00 | | | |
| न्यायालयीय वाद पर व्यय | 81,685.00 | 143,610.00 | | | |
| बैंक सेवा शुल्क | 790.00 | 1,120.00 | | | |
| सुरक्षा व्यवस्था | 2,381,876.00 | 2,081.169.00 | | | |
| विविरणिका की छपाई | 645,358.00 | 645,357.00 | | | |
| नानाविध वस्तुएं | 181,592.00 | 145,172.00 | | | |
| अवमूल्यन | 1,163,633.00 | 1,288,326.63 | | | |
| अशोधित जल | 27,331.00 | 24,350.00 | | | |
| शू-काउन्टर व्यय | 301,525.00 | 283,809.00 | | | |
| व्ययाधिक्य आय | - | 942,254.86 | | | |
